गुरुग्राम
शनिवार
09 सितम्बर, 2023
वर्ष 11, अंक 249
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# ह्यूमन इंडिया

हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com



धर्म व कर्म दोनों के प्रति मजबूत रहने का कृष्ण जी ने दिया संदेश : सुंदर

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा पुरुस्कृत हुई



**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**
**बल्लभगढ़।** शुक्रवार को डॉ० शांति स्वरूप भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञानभारती हरियाणा और राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा सुदेशना कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय के अनेकानेक विद्यार्थियों को महाविद्यालय के अतिरिक्त बाहर भी अन्य प्रतियोगिता में भागीदारिता के अनेकानेक अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कुमारी सुदेशना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विंग-1 के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में कुमारी सुदेशना ने प्रतियोगिता में यह स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय को ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है।